Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 2

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 19

मूल्य 300 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

11 मई 2017 ई 14 शअबान 1438 हिजरी कमरी

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

मैं हज़रत ईसा की शान का इन्कार नहीं करता, यद्यपि कि ख़ुदा ने मुझे सूचना दी है कि मसीहे मुहम्मदी मसीहे मूसवी से श्रेष्ठ है, पर मैं फिर भी मसीह इब्ने मरयम का बहुत सम्मान करता हूँ क्योंकि मैं आध्यात्मिक रंग से इस्लाम में ख़ातमुलख़ुलफ़ा हूँ , जैसा कि मरयम का बेटा मसीह इस्राईली धारा के लिए ख़ातमुलख़ुलफ़ा था। मूसा की धारा में मसीह इब्ने मरयम मसीह मौऊद था और मुहम्मदी धारा में मैं मसीह मौऊद हूँ। अतः मैं उसका सम्मान करता हूँ जिसका मैं हमनाम हूँ। वह मनुष्य उपद्रवी और झूठा है जो मुझे कहता है कि मैं मसीह इब्ने मरयम का सम्मान नहीं करता।

उपदेश हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि

"निसन्देह तुम समझ लो कि ईसा इब्ने मरयम मर चुका है। कश्मीर श्रीनगर मुहल्ला[1] ख़ानयार में उसकी क़ब्र है। ख़ुदा ने अपनी पवित्र पुस्तक में उसकी मृत्यु की सूचना दी है। यदि इस आयत का अर्थ कुछ और है तो क़ुर्आन में ईसा इब्ने मरयम की मृत्यु की सूचना कहां है ? मरने के विषय में जो आयतें हैं, यदि उनका अर्थ कुछ और है जैसा कि हमारे विरोधी समझते हैं तो फिर क़ुर्आन ने उसके मरने को कहीं उद्धरित नहीं किया वह किसी समय मरेगा भी। ख़ुदा ने हमारे नबी के मरने की सूचना दी, परन्तु सम्पूर्ण क़ुर्आन में ईसा के मरने की सूचना नहीं दी। इसमें क्या भेद है ? यदि कहा जाए कि ईसा के मरने की[2] सूचना इस आयत में है कि-

فَلَمَّا تَوَفَّيْتَنِيْ كُنْتَ اَنْتَ الرَّقِيْبَ عَلَيْهِمْ

अत: इस आयत से स्पष्ट है कि वह ईसाइयों के बिगड़ने से पूर्व ही मर चुके हैं। यदि आयत فَلَمَّا تَوَفَّيْتَنِيْ का अर्थ यह है कि इस भौतिक शरीर सहित ईसा को आकाश पर उठा लिया तो परमेश्वर ने सम्पूर्ण क़ुर्आन में ऐसे मनुष्य की मृत्यु पर प्रकाश क्यों नहीं डाला, जिसके जीवित रहने के विचार ने लाखों मनुष्यों का विनाश कर डाला। अत: ख़ुदा ने उसको सदा के लिए इसलिए जीवित रहने दिया ताकि लोग अनेकेश्वरवादी और अधर्मी हो जाएं अर्थात इसमें लोगों का दोष नहीं अपितु परमेश्वर ने यह सब कुछ स्वयं किया ताकि लोगों को सद्मार्ग से दूर हटा दे। ख़ूब याद रखो कि मसीह की मौत के बिना सलीबी आस्था पर मृत्यु नहीं आ सकती। अत: इससे क्या लाभ कि क़ुर्आन की शिक्षा के विरूद्ध उसको जीवित समझा जाए। उसको मरने दो ताकि यह धर्म जीवित हो। ख़ुदा ने अपनी वही से मसीह की मृत्यु स्पष्ट की तथा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मैराज की रात में उसको मुर्दों में देख लिया, पर तुम हो कि अब भी नहीं मानते। यह कैसा ईमान है ? क्या लोगों की बातों को ख़ुदा की वाणी पर प्राथमिकता देते हो। यह कैसा धर्म है। हमारे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने न केवल साक्ष्य दी कि मैंने मुर्दा आत्माओं में ईसा को देखा बल्कि स्वयं मरकर यह भी सिद्ध कर दिया कि इस से पूर्व कोई जीवित नहीं रहा। हमारे विरोधी जिस प्रकार क़ुर्आन का परित्याग करते हैं, उसी प्रकार सुन्नत का भी, क्योंकि मरना हमारे नबी की सुन्नत है। यदि ईसा जीवित था तो मरने में हमारे रसूल का अपमान था। अत: तुम न अहले सुन्नत हो न अहले क़ुर्आन, जब तक कि ईसा की मौत को स्वीकार न करो। मैं हज़रत ईसा की शान का इन्कार नहीं करता, यद्यपि कि ख़ुदा ने मुझे सूचना दी है कि मसीहे मुहम्मदी मसीहे मूसवी से श्रेष्ठ है, पर मैं फिर भी मसीह इब्ने मरयम का बहुत सम्मान करता हूँ क्योंकि मैं आध्यात्मिक रंग से इस्लाम में ख़ातमुलख़ुलफ़ा हूँ , जैसा कि मरयम का बेटा मसीह इस्राईली धारा के लिए ख़ातमुलख़ुलफ़ा था। मूसा की धारा में मसीह इब्ने मरयम मसीह मौऊद था और मुहम्मदी धारा में मैं मसीह मौऊद हूँ अत: मैं उसका सम्मान करता हूँ जिसका मैं हमनाम हूँ। वह मनुष्य उपद्रवी और झूठा है जो मुझे कहता है कि मैं मसीह इब्ने मरयम का सम्मान नहीं करता। मसीह तो मसीह, मैं तो उसके चारों 2 भाईयों का भी सम्मान करता हूँ। क्योंकि पांचों एक ही मां के पुत्र हैं। यही नहीं बल्कि मैं तो हज़रत मसीह की दोनों सगी बहनों को भी पवित्र समझता हूँ। क्योंकि ये सब पवित्र मरयम के पेट से पैदा हुए हैं और मरयम की वह छवि है जिसने एक अरसे तक स्वयं को निकाह से रोका। फिर क़ौम के प्रतिष्ठित और सम्मानित लोगों के बहुत बल देने पर गर्भवती होने के कारण निकाह कर लिया ; यद्यपि कि लोग आपत्ति करते हैं कि तौरात की शिक्षा के विरुद्ध गर्भ की अवस्था में निकाह क्योंकर किया गया । पवित्र होने की प्रतिज्ञा को अकारण भंग किया गया और अनेक विवाह करने की बुनियाद क्यों डाली गई, अर्थात यूसुफ़ नज्जार की पहली पत्नी होने के बावजूद मरयम उससे निकाह करने हेतु क्यों तैयार हुई । परंतु मेरे नज़दीक यह सब विवशताएं थीं जो उनके समक्ष आ गईं। इस परिस्थिति में वे लोग दया के पात्र थे न कि आपत्ति के। "

(कश्ती नूह रूहानी ख़ज़ायन भाग 19 पृष्ठ 16 से 18)

1. इसाई अनुसंधान करने वालों ने इस राय को प्रकट किया है देखो किताब सुपर नेचुरल रिलीजन पृष्ठ 522 अगर विस्तार चाहते हो तो हमारी किताब तोहफा गोलड़िवया का पृष्ठ 139 देख लो। इसी में से।

2. इसी आयत से ज्ञात होता है कि ईसा अलैहिस्सलाम फिर दुनिया में नहीं आएंगे क्योंकि अगर वह दुनिया में आने वाले होते तो इस रूप में यह उत्तर हज़रत ईसा का केवल झूठ ठहरता कि मुझे इसाइयों के बिगड़ने की कोई ख़बर नहीं. जो आदमी दोबारा दुनिया में आया और चालीस बरस रहा और करोड़ों इसाइयों को देखा, जो उस को ख़ुदा जानते थे और सलीब तोड़ा और सारे इसाइयों को मुसलमान किया वह कैसे क़यामत के दिन अल्लाह तआला के समक्ष यह बात कर सकता है कि मझे इसाईयों के बिगड़ने की कोई सूचना नहीं। इसी में से।

3. कुरआन शरीफ ने इस आयत में स्पष्ट रूप से कश्मीर की तरफ इशारा किया है कि मसीह और उस की माता सलीब की घटना के बाद कश्मीर की तरफ चले गए थे जैसा कि फरमाता है وَاٰوَيْنٰهُمَآ اِلٰى رَبْوَةٍ ذَاتِ قَرَارٍ وَّمَعِيْنٍ

अर्थात हम ने ईसा और उस की माता को एक टीले पर जगह दी जो आराम की जगह थी और पानी स्वच्छ अर्थात स्रोतों का पानी वहां था। अत: इस में ख़ुदा तआला ने कश्मीर का नक्शा खींचा है। "आवा" का शब्द अरबी भाषा के शब्द कोष में किसी मुसीबत या कष्ट से पनाह देने के लिए व्यवहार में आता है और सलीब से पहले ईसा और उस की माता पर कोई युग मुसीबत के नहीं गुज़रा जिस से पनाह दी जाती। अत: निर्धारित हुआ कि ख़ुदा तआला ने ईसा और उस की माता को सलीब की घटना के बाद उस टीले पर पुंहचाया था। इसी में से।

4. यसूअ मसीह के चार भाई और दो बहने थीं ये सब यसूअ के वास्तविक भाई और वास्तविक बहने थीं अर्थात सब यूसफ और मर्यम की औलाद थी चार भाइयों के नाम ये हैं। यहूदा,याकूब, शमऊन, यूज़स और दो बहनों के नाम ये हैं आसिया, लीदिया। देखो किताब इपास्टोलिक रिकार्डस लेखक पादरी जान अलन गालेज़ प्रकाशक लन्दन 1886ई पृष्ठ 159-166। इसी में से। ☆ ☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

☆ सभी जातियों और संगठनों को मानवीय मूल्यों की स्थापना और दुनिया को शांति का गहवारा बनाने के लिए संयुक्त प्रयास करना चाहिए ☆ इस्लाम की शिक्षाऐं इस के नाम के अनुसार हैं, इस्लाम शब्द का मतलब ही शांति, प्यार और सद्भाव और सभी शिक्षाएं इन्हीं उच्च मूल्यों के आसपास घूमती है ☆ मेरा विश्वास है और यही मेरी शिक्षा है कि हर इंसान को चाहे वह किसी भी देश, शहर, कस्बे या गांव से संबंध रखता हो धर्म अपनाने और उस पर अमल करने का मौलिक अधिकार प्राप्त है और फिर प्रत्येक व्यक्ति को यह अधिकार भी प्राप्त है कि वह शांतिपूर्ण ढंग से अपने धर्म का प्रचार कर सके।

कनाडा संसद में सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लात तआला बेनसरहलि अज़ीज़ का ऐतिहासिक ईमान वर्धक ख़िताब संबोधित (भाग-1)

दिनांक 17 अक्तूबर 2016 को सय्यदना ज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ कनाडा की संसद "संसद हिल " में पधारे। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ का संसद में यथा योग्य स्वागत किया गया। संसद में विभिन्न सीनेटरों, मिनिस्टरों ने हुज़ूर अनवर से मुलाकात की। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने संसद में दुनिया के हालात और शांति के बारे में ख़िताब फरमाया। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ के खिताब को उलेमा ओ राजनेताओं और जीवन के विभिन्न विभाग से संबंधित लोगों ने बेहद पसंद किया और अपने विचार अभिव्यिक्त किए। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ का यह ईमान वर्धक ख़िताब पाठकों के लिए प्रस्तुत है (संपादक)

7 बजे हुज़ूर अनवर ने अंग्रेज़ी भाषा में अपना ख़िताब फरमाया।

ख़िताब

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़

बिस्मिल्लाह हिर्रहमानिर्राहीम - अल्लाह के नाम के साथ जो बड़ा मेहरबान और बार बार दयालु है।

सभी सम्मानित मेहमाना ! अस्सलामो अलैकुम वरहमतुल्लाहत व बरकातुहो। आप सब पर अल्लाह की रहमत और सुरक्षा नाज़िल हो। सबसे पहले तो आप सभी को और विशेष रूप से जुडी सगरो साहिबा का धन्यवाद करता हूँ कि आप ने मुझे यहाँ आने के लिए आमंत्रित किया।

बाद में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने फरमाया: मैं न कोई राजनीतिक व्यक्ति हूं और न ही किसी राजनीतिक संगठन का नेता हूँ बल्कि जमाअत अहमदिया का सार्वभौमिक प्रधान हूँ कि पूर्ण रूप से धार्मिक और आध्यात्मिक जमाअत है। इस बात को छोड़ते हुए कि इस का क्या बैकग्राउंड है, हम सब मानवता के नाते एकजुट हैं। सभी देशों और संगठनों को मानवीय मूल्यों की स्थापना और दुनिया को शांति का गहवारा बनाने के लिए संयुक्त प्रयास करना चाहिए। अगर मानव मूल्यों और मानव अधिकारों के किसी एक देश या क्षेत्र में उल्लंघन हो तो इससे दुनिया के अन्य भाग भी प्रभावित होते हैं और यह क्रूरता फिर अधिक बढ़ती चली जाती है। इसी तरह अगर दुनिया के किसी एक देश या एक क्षेत्र में मानवीय मूल्यों की स्थापना हो, अच्छाई और समृद्धि हो तो इसका सकारात्मक असर दुनिया के अन्य क्षेत्रों और लोगों पर भी पड़ेगा।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने फरमाया: अब तो नित नए संचार के माध्यमों और परिवहन के साधनों के कारण हम एक दूसरे के बहुत क़रीब आ चुके हैं और भौगोलिक सीमाओं के पाबन्द नहीं रहे। लेकिन अफसोस की बात है कि एक दूसरे से इस कदर जुड़े होने के बावजूद हम प्रतिदिन एक दूसरे से दूर रहे हैं। यह बहुत दु:खद बात है और दुख का कारण है कि एकजुट होने और मानव जाति में प्रेम के प्रसार के बजाय दुनिया ने घृणा, अत्याचार और अन्याय के प्रसार में बहुत अधिक योगदान दिया है। लोग अपनी विफलताओं की ज़िम्मेदारी ख़ुद लेने को तैयार नहीं हैं। प्रत्येक व्यक्ति दूसरे को दोषी ठहरा रहा है और अपने अतिरिक्त प्रत्येक को दुनिया के मतभेद और लड़ाई का कारण समझता है। हम इस समय बहुत अनिश्चितता से गुज़र रहे हैं और कोई भी वास्तविक रूप में अनुमान लगा नहीं सकता कि हमारे इन कार्यों के अस्थायी और दूरगामी परिणाम क्या होंगे।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने फरमाया: इस समय जबकि दुनिया भर में इस्लाम का डर बढ़ रहा है, मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस्लाम वैसा नहीं है जैसा आप मीडिया में सुनते हैं या देखते हैं। जितना मुझे इस्लाम का ज्ञान है वह तो यही है कि इस्लाम की शिक्षाएं इस के नाम के अनुसार हैं। इस्लाम शब्द का मतलब ही शांति प्यार और सद्भाव और सभी शिक्षाएं इन्हीं उच्च मूल्यों के आसपास घूमती हैं। लेकिन इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता कि कुछ मुसलमान गिरोह ऐसे हैं जिनकी आस्थाएं और कार्य दुर्भाग्य से इस से पूर्ण रूप से विपरीत हैं, जो इस्लाम की बुनियादी शिक्षाओं के विपरीत इस्लाम के नाम पर भयानक अत्याचार और आतंकवाद कर रहे हैं। अत: उन बातों के मद्देनजर मैं आप के सामने इस्लाम की सच्ची और शांतिपूर्ण शिक्षा प्रस्तुत करूंगा।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने फरमाया: यह जगह जहां आप ने मुझे बड़ी हिम्मत से बुलाया है यह कोई धार्मिक स्थान नहीं है और हो सकता है कि अक्सर आप में से धर्म से व्यक्तिगत रुचि न रखते हों लेकिन बतौर कानून बनाने वालों के आप को कभी कभी ऐसे मामले पेश आते होंगे जिनका प्रभाव धार्मिक लोगों में होता है। इस संदर्भ में अल्लाह तआला कुरआन सूर: अलबक़रा: आयत 257 में स्पष्ट फरमाता है कि "धर्म में कोई बाध्यता नहीं" क्या ही स्पष्ट और व्यापक शिक्षा है जो अपने अंदर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, विवेक और धर्म की आज़ादी और चिंतन की आज़ादी लिए हुए है। इसलिये मेरा विश्वास है और यही मेरी शिक्षा है कि हर इंसान को चाहे वह किसी भी देश, शहर, कस्बे या गांव से संबंध रखता हो धर्म अपनाने और उस पर अनुकरण करने का मौलिक अधिकार प्राप्त है और फिर हर व्यक्ति को यह अधिकार भी प्राप्त है कि वह शांतिपूर्ण ढंग से अपने धर्म प्रचार कर सके। बुनियादी मानव अधिकारों में आज़ादी की भी गारंटी होनी चाहिए और विधानसभाओं और सरकारों को चाहिए कि वह अनावश्यक रूप से उन मामलों में हस्तक्षेप न करें अन्यथा संभावना है कि उनके हस्तक्षेप को उत्तेजना पैदा करने वाला समझा जाए और निराशा और अशान्ति पैदा हो।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने फरमाया: खेद से कहना पड़ता है कि आजकल हम देख रहे हैं कि कैसे मुसलमान सरकारें ऐसे निजी मामलों में हस्तक्षेप कर रही हैं और उन देशों में अस्थिरता और मतभेद की बुनियादी वजह भी यही है। इससे केवल उग्रवादी धार्मिक नेताओं और आतंकवादियों को फायदा हो रहा है, जो लोगों की हताशा का लाभ उठाते हुए बर्बरता, दंगा और मूर्खता पूर्ण झगड़ों को हवा दे रहे हैं। लेकिन यह भी नहीं कहा जा सकता कि पश्चिमी सरकारें जो वास्तविक लोकतंत्र की दावेदार हैं, बिल्कुल मासूम और निर्दोष हैं। देखा गया है कि पश्चिम में कभी कभी ऐसे कानून और नियम तैयार किए जाते हैं कि वैश्विक धार्मिक स्वतंत्रता और सहनशीलता के वाहक होने के पश्चिमी दावों के खिलाफ हैं। कभी कभी ऐसे नियम बनाए जाते हैं जो इस दृष्टिकोण के विरोधी हैं कि पश्चिमी दुनिया में हर व्यक्ति स्वतंत्र है कि वह जो चाहे ईमान रखे और अपने धर्म के अनुसार शांति के साथ रह सके। यह समझदारी भरा कदम नहीं है कि सरकारें और विधानसभाएं लोगों के बुनियादी धार्मिक विश्वासों और रस्मों पर प्रतिबंध लगाएं। जैसा कि सरकारों को इससे कोई उद्देश्य नहीं होना चाहिए कि महिलाएं क्या कपड़ें पहनती हैं, उन्हें ऐसे क़ानून नहीं बनाने चाहिए कि धार्मिक इबादतगाह कैसी दिखना चाहिए। अगर वे अपनी शक्ति का दुरुपयोग करेंगे तो इससे समाज में अधिक चिंता और निराशा फैलेगी और अगर इन मामलों की ओर ध्यान न दिया गया तो यह बढ़ते चले जाएंगे और समाज की शांति को नुकसान होगा।

(शेष.....)

ख़ुत्बः जुमअः

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का विरोध तब से हो रहा है जब अभी नियमित जमाअत का गठन भी नहीं हुआ था और आप अलैहिस्सलाम ने बैअत नहीं ली थी। मुसलमानों ने भी और ग़ैर मुस्लिमों ने भी अपना पूरा ज़ोर आप के विरोध में लगाया और अब तक लगा रहे हैं। आज तो सब से आगे मुसलमान हैं लेकिन अल्लाह तआला आप की जमाअत को बढ़ाता चला जा रहा है। अब अल्लाह तआला की कृपा से जमाअत दुनिया के 209 देशों में स्थापित है। विशेष रूप से मुस्लिम देशों में जैसा कि मैंने कहा जहां भी लोग जमाअत की ओर अधिक ध्यान देते हैं वहाँ नियमित योजना से जमाअत का विरोध शुरू हो जाता है। कुछ राजनेता उलेमा और उनके प्रभाव में सरकारी कारिंदे बल्कि जैसा कि पहले भी बता चुका हूँ अदालतों के जज भी इस विरोध का हिस्सा बन जाते हैं।

आजकल अल्जीरिया में अहमदियों को अत्याचार का निशाना बनाया जा रहा है। उन मासूमों और पीड़ितों को हमें अपनी दुआओं में याद रखना चाहिए। अल्लाह तआला उन के कदमों में दृढ़ता प्रदान करे और इन ज़ुल्मों से भी बचाए। इसी तरह पाकिस्तान के अहमदियों को भी अपनी दुआओं में याद रखें। वहाँ भी आजकल पंजाब में विशेष रूप से नियमित योजना से अत्याचार किए जा रहे हैं।

यह मुखालफ़तें न पहले कुछ बिगाड़ सकीं और न भविष्य में इंशा अल्लाह तआला कुछ बिगाड़ सकेंगी। अल्लाह तआला की मदद हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के साथ हमेशा रही और हमेशा हम ने यही देखा कि दुश्मन असफल और अपमानित हुआ और हो रहा है और आगे भी इंशा अल्लाह तआला होता रहेगा। यह एक जगह विरोध करते हैं तो अल्लाह तआला सौ जगह तब्लीग़ के नए क्षेत्र खोल देता है। अल्जीरिया में ही उन्होंने अहमदियों को अपने विचार में समाप्त करने की कोशिश की और अख़बारों और अन्य मीडिया ने इसका चर्चा किया जमाअत विरोधी समाचार प्रकाशित किए गए फैलाए गए बल्कि अख़बारों ने भी विरोध में भरपूर रूप से विरोध में अपने तौरपर भरपूर भूमिका अदा की लेकिन यही बातें जो हैं जमाअत के तब्लीग़ का माध्यम बन गईं।

नए अहमदियों की दृढ़ता, विरोद्ध के बावजूद लोगों में जमाअत अहमदिया की तरफ ध्यान और तब्लीग़ के नए रास्तों के खुलने, विरोद्धियों के अपने बुरे इरादों में असफलता, अल्लाह तआला की तरफ से नेक प्रकृति लोगों का मार्गदर्शन और विभिन्न देशों में अल्लाह तआला के समर्थन के रौशन निशानों पर आधारित ईमान वर्धक घटनों का वर्णन।

डेनिश अहमदी हाजी नूह सेवन हैनसेन (Haji Nuh Svend Hansen) साहिब की वफात, मरहूम का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़,
दिनांक 7 अप्रैल 2017 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ ۔

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का विरोध तब से हो रहा है जब अभी नियमित जमाअत का गठन भी नहीं हुआ था और आप अलैहिस्सलाम ने बैअत नहीं ली थी। मुसलमानों ने भी और ग़ैर मुस्लिमों ने भी अपना पूरा ज़ोर आप के विरोध में लगाया और अब तक लगा रहे हैं। आज तो सब से आगे मुसलमान हैं लेकिन अल्लाह तआला आप की जमाअत को बढ़ाता चला जा रहा है। अब अल्लाह तआला की कृपा से जमाअत दुनिया के 209 देशों में स्थापित है। विशेष रूप से मुस्लिम देशों में जैसा कि मैंने कहा जहां भी लोग जमाअत की ओर अधिक ध्यान देते हैं वहाँ नियमित योजना से जमाअत का विरोध शुरू हो जाता है। कुछ राजनेता उलेमा और उनके प्रभाव में सरकारी कारिंदे बल्कि जैसा कि पहले भी बता चुका हूँ अदालतों के जज भी इस विरोध का हिस्सा बन जाते हैं।

आजकल जैसा कि मैंने पिछले कई ख़ुत्बों में उल्लेख किया है अल्जीरिया में अहमदियों को अत्याचार का निशाना बनाया जा रहा है। जज भी यही कहते हैं, सरकारी कारिंदे भी यही कहते हैं कि अगर तुम इस बात से इनकार कर दो कि हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद कादियानी अलैहिस्सलाम का मसीह मौऊद होने का दावा झूठा है और वह मसीह मौऊद नहीं बल्कि नऊज़ो बिल्लाह इस्लाम विरोधी शक्तियों का एजेंट हैं और इस्लाम विरोधी ताकतों के समर्थन और पश्चिमी देशों का समर्थन उन्हें प्राप्त है और उन्हीं की तरफ से यह खड़े किए गए थे, विशेष रूप से अंग्रेज़ों की तरफ से तो हम तुम्हें बरी कर देते हैं अन्यथा फिर जेल और जुर्माने की सज़ा के लिए तैयार हो जाओ और फिर क्रूर निर्णय करके जो लोग इनकार करते हैं, जो ईमानों पर कायम हैं उन्हें फिर जेलों में डाला जा रहा है और बड़े जुर्माने भी किए जा रहे हैं, जिन को अदा करने की शायद उन ग़रीब लोगों में क्षमता भी न हो क्योंकि अक्सर गरीबों की है। बहरहाल उन मासूमों और पीड़ितों को हमें अपनी दुआओं में याद रखना चाहिए। अल्लाह तआला उन के कदमों में दृढ़ता प्रदान करे और इन ज़ुल्मों से भी बचाए।

इसी तरह पाकिस्तान के अहमदियों को भी अपनी दुआओं में याद रखें। वहाँ भी आजकल पंजाब में विशेष रूप से नियमित योजना से अत्याचार किए जा रहे हैं। मुस्लिम देशों ने अपने देशों के अंदर जो फसादों की स्थिति है और एक देश दूसरे देश के साथ संबंधों की जो हालत है बुद्धि रखने वालों के लिए यह स्थिति ही इस बात के सोचने के लिए पर्याप्त है और होनी चाहिए कि इन स्थितियों में अल्लाह तआला ने उम्मते मोहम्मदिया के सुधार के लिए अपने वादे के अनुसार जिसे भेजना था और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने जिस सच्चे ग़ुलाम के आने की भविष्यवाणी फरमाई थी उसे तलाश करें जबकि अल्लाह तआला और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बताई हुई निशानियां भी पूरी हो चुकी हैं और हो रही हैं जो मसीह मौऊद के आगमन के साथ जुड़ी हैं और यही एक रास्ता है जो मुसलमानों की महानता को फिर से स्थापित कर सकता है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम एक जगह फरमाते हैं कि

"बेशक याद रखो कि ख़ुदा के वादे सच्चे हैं। उस ने अपने वादे के अनुसार दुनिया में एक नज़ीर (डराने वाला) भेजा है दुनिया ने उसे स्वीकार नहीं किया लेकिन ख़ुदा तआला उसे ज़रूर स्वीकार करेगा और बड़े दृढ़ हमलों से उस की सच्चाई को प्रकट करेगा।" फरमाते हैं "मैं तुम्हें सच-सच कहता हूं कि मैं ख़ुदा तआला के वादे के अनुसार मसीह मौऊद होकर आया हूँ चाहो तो स्वीकार करो चाहो तो अस्वीकार करो मगर तुम्हारे अस्वीकार करने से कुछ नहीं होगा। ख़ुदा तआला ने जो इरादा किया है वह होकर रहेगा।

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 206 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

फिर आप फरमाते हैं "यह साफ बात है कि ख़ुदा तआला ने मुझे मसीह मौऊद के नाम से नियुक्त कर के दुनिया में भेजा है। जो लोग मेरा विरोध करने वाले हैं वह मेरा नहीं ख़ुदा तआला का विरोध करते हैं।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 189-190 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

अत: जमाअत के ख़िलाफ मुखाल्फ़तें जो हो रही हैं यह अल्लाह तआला जो चाहता है उसके ख़िलाफ चलने वाले लोग हैं और इस तरह यह अल्लाह तआला का विरोध कर रहे हैं और यह मुखाल्फ़तें न पहले कुछ बिगाड़ सकीं और न भविष्य में इंशा अल्लाह तआला कुछ बिगाड़ सकेंगी। अल्लाह तआला की मदद हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के साथ हमेशा रही और हमेशा हम ने यही देखा कि दुश्मन असफल और अपमानित हुआ और हो रहा है और आगे भी इंशा अल्लाह तआला होता रहेगा। यह एक जगह विरोध करते हैं तो अल्लाह तआला सौ जगह तब्लीग़ के नए क्षेत्र खोल देता है। अल्जीरिया में ही उन्होंने अहमदियों को अपने विचार में समाप्त करने की कोशिश की और अख़बारों और अन्य मीडिया ने इसका चर्चा किया जमाअत विरोधी समाचार प्रकाशित किए गए फैलाए गए बल्कि अख़बारों ने भी विरोध में भरपूर रूप से विरोध में अपने तौरपर भरपूर भूमिका अदा की लेकिन यही बातें जो हैं जमाअत के तब्लीग़ का माध्यम बन गईं।

अब अल्जीरिया की जमाअत कोई बहुत पुरानी जमाअत नहीं लेकिन अल्लाह तआला उन्हें इस विरोध के माध्यम से ही जहां ईमान मज़बूत कर रहा है वहाँ उनके लिए तब्लीग़ के रास्ते भी खोल रहा है। वहाँ के अहमदी लिखते हैं कि हम परेशान थे कि देश में तब्लीग़ कैसे होगी। उनमें यह जोश और भावना है तो अल्लाह तआला ने इस विरोध के द्वारा स्वयं प्रबंध कर दिया है। कहते हैं कि अगर कुछ लोग नकारात्मक प्रभाव ले रहे हैं और इसमें अधिकांश तथाकथित उलमा के पीछे चलने वाले लोग हैं तो ऐसे भी हैं और बहुत सारे ऐसे हैं, बड़ी संख्या में हैं जो जमाअत और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के दावे से परिचित हुए हैं और समझते हैं कि जमाअत के ख़िलाफ जो हो रहा है वह ग़लत हो रहा है। अपने आप इस बारे में जानकारी भी ले रहे हैं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने भी यही फरमाया है कि विरोध में लिखा गया लिट्रेचर और हमारे ख़िलाफ जो लिखा हुआ लिट्रेचर है वह हमारी किताबें किताबें देखने की तरफ ध्यान दिलाता है।

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 398 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

इसी तरह आप ने इस बात को बयान फरमाते हुए कि आपके आने का यही समय था और अल्लाह तआला की तकदीर के अनुसार ही आप आए हैं ताकि इस्लाम की डोलती कश्ती को संभाला मिले। आप फरमाते हैं कि "सच्चे नबी और रसूल और मुजद्दिद की बड़ी निशानी यही है कि वह समय पर आए और ज़रूरत के समय आए।" ग़ैरों को संबोधित कर के फरमाया कि "लोग कसम खाकर कहें कि क्या यह समय नहीं है कि आसमान पर कोई तैयारी हो।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 397-398 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

लेकिन यह उन्हें भी पता है कि यह मुसलमानों की जो स्थिति है इस बात की मांग करती है कि कोई सुधारक आए। ख़ुद उनके बयान अख़बारों में भी छपते हैं अपने भाषणों में भी उल्लेख करते हैं इस बात की गवाही देते हैं कि मुस्लिम उम्मत को संभालने के लिए कोई आना चाहिए लेकिन यह भी साथ कह देते हैं कि मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद कादियानी के अतिरिक्त कोई हो।

बहरहाल जो ख़ुदा तआला की तरफ से होने का दावा कर रहा है उसे यह तथाकथित उल्मा मानते नहीं बल्कि इनकार कर रहे हैं और दुश्मनी कर रहे हैं और यह हर जगह करते चले जा रहे हैं जैसा कि मैंने कहा मुस्लिम देशों में विशेष रूप से कर रहे हैं लेकिन इसकी तुलना पर हम देखते हैं कि अल्लाह तआला दुनिया में अपने संदेश को पहुंचाना चाहता है और स्वीकार करवाना चाहता है। इस बारे में उसकी तकदीर भी काम कर रही है और लाखों लोग हर साल इस विरोध के बावजूद अहमदियत में दाख़िल होते हैं वह इस बात का सबूत है कि अल्लाह तआला का समर्थन तथा सहायता जमाअत अहमदिया के साथ है, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के साथ है। कई ऐसे हैं जो अपनी घटनाएं लिखते हैं कैसे अहमदी हुए और उनकी घटनाओं को पढ़कर आश्चर्य होता है कि कैसे अल्लाह तआला नेक तबीयतों के लिए स्वीकृति के प्रबंधन कर रहा है। कुछ घटनाएं मैं प्रस्तुत करता हूँ।

यह पहली घटना जो पेश करूँगा यह अल्जीरिया की ही है जहां इस समय जैसा कि मैंने कहा विरोध ज़ोरों पर है। यह लिखने वाले साहिब कहते हैं कि अहमदियत के परिचय से बहुत पहले मैंने एक रात सपने में देखा कि एक ऊंची छत वाले विशाल हॉल में कई लोगों के साथ एक पंक्ति में हूँ जिसके एक छोर पर दो व्यक्ति खड़े हैं। वे कहते हैं हमारी लाइन में से प्रत्येक अपनी बारी पर इन दो व्यक्तियों में से दाएं वाले व्यक्ति के साथ बड़ी गर्मजोशी के साथ हाथ मिला कर हॉल के दरवाज़े की ओर चला जाता है। मानो यह लंबी लाइन इन दो में से एक व्यक्ति के साथ हाथ मिलाने के लिए विशेष रूप से बनाई गई है। कहते हैं मैं दूर से यह दृश्य देख कर कहता हूँ कि लोग दोनों के बजाय सिर्फ एक व्यक्ति से इतनी गर्म जोशी से क्यों हाथ मिलाते हैं? दोनों से क्यों नहीं करते।? तो निकट जाकर मैं देखता हूँ कि उनमें से एक व्यक्ति सफेद दाढ़ी वाला है जबकि उसके दाईं ओर वाला एक मध्यम लंबा और गेहूं रंग वाला व्यक्ति है जिस के सिर और दाढ़ी के बाल काले हैं। कहते हैं जब मेरी बारी आई तो मैंने सफेद दाढ़ी वाले व्यक्ति की तरफ हाथ बढ़ाया तो उसने मुझे काली दाढ़ी वाले और गेहूं रंग वाले व्यक्ति की ओर इशारा किया कि उनसे सलाम करो तो मैंने बहुत गर्मजोशी के साथ उनके साथ हाथ मिलाया और कहते हैं इसके साथ ही मेरा दिल उस व्यक्ति के प्रेम में डूब गया। वह मुझे देख कर मुस्कराया। उसकी मुस्कान एक ऐसा जादू था कि मैं आज तक इस मुस्कान को भुला नहीं सकता। फिर कहते हैं जब अहमदियत का परिचय हुआ और मैंने एम.टी ए देखना शुरू किया तो इन्हीं शुरुआती दिनों में एक दिन हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की तस्वीर दिखाई गई तो कुछ देर के बाद मेरा ख़ुत्बा प्रस्तुत हो रहा था। मेरी तस्वीर सामने आई तो कहते हैं दोनों को देखकर मुझे अपना सपना याद आ गया। सपने में दिखाए जाने वाला सफेद दाढ़ी वाला जो व्यक्ति था मेरे बारे में कहते हैं कि तुम थे जबकि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम काली दाढ़ी वाले थे जिन्हें सब लोग मिल रहे थे और मैं भी इशारा कर रहा था कि उन्हें मिलो। कहते हैं उसके बाद अहमदियों से इंटरनेट पर संपर्क किया। विभिन्न सवाल किए जिनके जवाब पाने के बाद मैंने बैअत कर ली।

फिर एक साहिब जिनकी घटना को देखकर लगता है कि अल्लाह तआला उन्हें घेरकर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में शामिल करना चाहता था। अल्लाह तआला को कोई नेक बात उनकी पसंद आई। यह मिस्र के हैं अब्दुल हादी नाम है यह कहते हैं कि अहमदियत से परिचय एम.टी.ए अलअरिबया द्वारा हुआ। प्रोग्राम उन को पसंद आता था लेकिन कहते हैं कि इमाम संस्थापक जमाअत अहमदिया की नबुव्वत और वह्यी वाला होना और इल्हाम वाला होना समझ नहीं आता था। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के बारे में यह बात शंका में थी। कहते हैं कि मैंने बार बार कार्यक्रम अलहवार अलमुबाशिर में फोन करने की कोशिश की लेकिन हर बार असफलता का मुंह देखना पड़ता। संपर्क नहीं होता था और फोन का उद्देश्य क्या था।? कहते हैं सिर्फ एक सवाल था मेरा उद्देश्य और उसका हाँ या न में जवाब लेना था और सवाल था कि क्या जमाअत के संस्थापक अन्य नबियों की तरह निर्दोष हैं और क्या वह वह्यी और इल्हाम वाले हैं? कहते हैं अगर इसका जवाब मुझे हाँ दिया जाता तो इसी दिन इस चैनल को अपनी सूची से काट देता क्योंकि उस समय मेरा यही विश्वास था कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बाद इल्हाम बंद है और उसका दावा कर ने वाला झूठा है लेकिन ख़ुदा तआला की विशेष प्रकृति ऐसा हुआ कि मैं कभी भी कार्यक्रम में कॉल करने में सफल न हो सका जिसका परिणाम यह हुआ कि मैं एम.टी ए देखता रहा और धीरे-धीरे सभी मस्लों के साथ ख़त्मे नबुव्वत का मस्ला भी मेरी समझ में आ गया यहाँ तक कि मेरे सामने ज़माने के इमाम मसीह मौऊद और इमाम महदी की बैअत के अतिरिक्त कोई रास्ता नहीं बचा तो मैंने बैअत फार्म भर के भेज दिया। बैअत के बाद चाहता था कि यह ख़बर दूसरों तक भी पहुंचे। इसलिए इसके लिए मैंने अपने एक क़रीबी दोस्त को चुना जिसके बारे में मुझे बहुत अच्छी धारणा थी कि वह मेरी बात सुनेगा। मैंने इसे अहमदियत का संदेश पहुंचाया तो वह अप्रत्याशित रूप से अचानक बहुत क्रोध में आकर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की शान में गुस्ताखी करने लगा। कहते हैं मजबूर होकर उसे छोड़कर बहुत दुखी मन के साथ बेचैन रूह के साथ बोझिल कदमों से अपने घर लौट आया और आदत के अनुसार जब टीवी आन किया तो उस समय एम.टी.ए पर सूरे आले इमरान की यह आयत पढ़ी जा रही थी।

فَاِنۡ كَذَّبُوۡكَ فَقَدۡ كُذِّبَ رُسُلٌ مِّنۡ قَبۡلِكَ جَآءُوۡ بِالۡبَيِّنٰتِ وَ الزُّبُرِ وَ الۡكِتٰبِ الۡمُنِيۡرِ

(आले इम्रान 185) कि अत: अगर उन्होंने तुझे झुठला दिया है तो तुझ से पहले भी रसूल इनकार किए गए थे। वह खुले खुले निशान और इलाही सहीफे और प्रकाशित किताब लाए थे।

कहते हैं यह आयत मेरे दिल की हालत के लिए दरूद और सलाम हो गई और मुझे विश्वास हो गया कि यह कोई संयोग नहीं बल्कि ख़ुदा तआला की तरफ से मेरे

लिए संदेश है कि रसूलों का विरोद्ध और उनसे मज़ाक तो होता चला आया है फिर अगर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के साथ ऐसा हुआ तो यह कोई नई बात नहीं लेकिन नबियों की इस हालत के बावजूद ख़ुदा तआला की मदद और सहायता से उनका विजयी होना दुनिया के लिए ख़ुदा तआला की हस्ती का महान सबूत और ख़ुदा तआला के मामूरीन की प्रामाणिकता की स्पष्ट दलील है। कहते हैं यह सोच कर मेरी पहली हालत जाती रही और ख़ुदा तआला के इस नेअमत पर शुक्र की भावना पैदा हो गई कि उसने अपने ज़माने के इमाम की बैअत की तौफ़ीक़ प्रदान फरमाई और उसके मुनकरीन में नहीं बनाया।

देखें एक नेक प्रकृति को तो अल्लाह तआला ने बचा लिया लेकिन दूसरे की पता नहीं यह स्थिति नहीं थी उस पर अल्लाह तआला की कृपा नहीं हुई और न केवल प्रभावित नहीं हुआ बल्कि बदबख़्ती के कारण दिलेर भी हुआ और जिसने बैअत की थी उसकी तसल्ली अल्लाह तआला ने त्वरित माध्यम से भी पैदा फरमा दिए, न केवल सांत्वना देने के लिए बल्कि उसे जो सदमा था उस को दूर भी कर दिया।

फिर एक महिला की घटना है जिन्हें अल्लाह तआला ने उनके नेक स्वभाव के कारण बैअत की तौफ़ीक़ अता फरमाई। बावजूद इसके यह मुसलमानों के बारे में जो सामान्य आतंकवाद की अवधारणा है इस वजह से यह हमारे से भी डर भी रही थीं लेकिन फिर भी अल्लाह तआला ने ऐसे समान पैदा कर दिए है। अफ्रीका की रहने वाली एक गांव की रहने वाली महिला हैं जो गिनी के एक बड़े शहर बोके(Boke) के निकट गांव में रहती हैं। हाजा आमी फ़ादी(Haja Amia Faiga) इन का नाम है उनका कहना है कि एक दिन उनके पास जमाअत अहमदिया का एक मुअल्लिम आया और जमाअत की तब्लीग़ की और सालाना जलसा में शामिल होने की दावत दी। इन दिनों वहां जलसा हो रहा था। कहती हैं संदेश तो ज़ाहिर है अच्छा था पहले जलसा में शामिल होने के लिए तैयार हुई और कार में पेट्रोल आदि भी डलवा दिया। अच्छी खाती पीती महिला थीं लेकिन रहती गांव में थी। कहती हैं इन दिनों इस्लामी संगठनों के हवाले से आतंकवाद की घटनाओं की वजह से मैंने सोचा कि कहीं यह जमाअत भी ऐसी ही न हो इसलिए जलसा में जाने का इरादा छोड़ दिया कि पता नहीं वहाँ क्या होना है। लेकिन मन में यह दुआ करने लगी कि हे अल्लाह यदि यह लोग सच्चे हैं तो यह हमारे गांव में दोबारा तब्लीग़ के लिए आएं। ख़ुदा के लिए ऐसा हुआ कि कुछ समय बाद लिखने वाले कहते हैं कि हमारी मिशनरी टीम बिना प्रोग्राम के उनके गांव चली गई। जब इस महिला ने हमें देखा तो ख़ुशी से उनके आँसू निकल आए और कहने लगी कि अल्लाह तआला ने मेरी दुआ सुन ली है और इस तरह सारी परिवार बैअत कर के जमाअत में सम्मिलित हो गया।

कुछ लोगों पर अल्लाह तआला मेहरबान होता है तो उन्हें वित्तीय लाभ के द्वारा भी ईमान में तरक्की और अपने भेजे हुए को स्वीकार करने की तौफ़ीक़ प्रदान फरमाता है लेकिन यह कोई शर्त नहीं है। कुछ लोग लिखते हैं कि अमुक कहता है कि अगर मुझे यह लाभ हो जाए, यह मेरा काम हो जाए तो तब मैं अहमदियत स्वीकार करूंगा। अहमदियत स्वीकार करना न अल्लाह तआला पर उपकार है न हज़रत मसीह मौऊद पर कोई एहसान है। अपनी दुनिया और परलोक संवारनी होती है इसलिए अल्लाह तआला के संदेश को सुनना और समझना और उसे स्वीकार करना चाहिए। बहरहाल एक घटना है अल्लाह तआला कई बार किसी पर फज़ल करना चाहे तो इस शर्त को स्वीकार कर लेता है, इस की अभिव्यक्ति कर के हो इस को दिखा भी देता है।

